# नृविज्ञान / ANTHROPOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time allowed : **Three** Hours

अधिकतम अंक : **250**
*Maximum Marks* : **250**

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो **खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* ***EIGHT*** *questions divided in two* ***SECTIONS*** *and printed both in* ***HINDI*** *and in* ***ENGLISH****.*

*Candidate has to attempt* ***FIVE*** *questions in all.*

*Questions no.* ***1*** *and* ***5*** *are compulsory and out of the remaining,* ***THREE*** *are to be attempted choosing at least* ***ONE*** *from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) नृविज्ञान को सामाजिक विज्ञानों में आप क्यों रखते हैं ?

(b) वंशानुक्रम के विभिन्न प्रकार

(c) टोटेमवाद

(d) भाषाई नृविज्ञान

(e) काल-निर्धारण की कार्बन-14 विधि

Write notes on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) How do you situate Anthropology in Social Sciences ? *10*

(b) Various types of descent *10*

(c) Totemism *10*

(d) Linguistic Anthropology *10*

(e) Carbon-14 method of dating *10*

**Q2.** (a) नृविज्ञानियों के लिए संस्कृति सापेक्षवाद की संकल्पना मूल्यवान क्यों रही है ? (250 शब्द)

(b) संस्कृति एवं सभ्यता में प्रभेद करने वाली विशेषताओं को उजागर कीजिए । (250 शब्द)

(c) विवाह संस्था में 'लिव-इन-रिलेशनशिप' (विवाह के पूर्व पति-पत्नी की तरह रहना) को आप कहाँ रखेंगे ? (250 शब्द)

(a) Why has the concept of Culture Relativism been so dear to Anthropologists ? (250 words) *20*

(b) Bring out the distinguishing features of culture and civilization. (250 words) *15*

(c) Where do you situate 'live-in relationship' within the institution of marriage ? (250 words) *15*

**Q3.** (a) जनजातीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के प्रभाव की विवेचना कीजिए । (350 शब्द)

(b) प्रकार्यवाद किन तरीकों में संरचनात्मक प्रकार्यवाद से भिन्न होता है ? (350 शब्द)

(c) अर्थशास्त्र और आर्थिक नृविज्ञान में अन्तर स्पष्ट कीजिए । (150 शब्द)

(a) Discuss the impact of globalization on tribal economy. (350 words) *20*

(b) In what ways is Functionalism different from Structural Functionalism ? (350 words) *20*

(c) Differentiate between Economics and Economic Anthropology. (150 words) *10*

Q4. (a) परिवार पर शहरीकरण एवं नारीवादी आन्दोलन के प्रभाव की विवेचना कीजिए । (250 शब्द)

(b) नृविज्ञान के प्रतीकात्मक एवं व्याख्यात्मक सिद्धान्तों में टर्नर एवं गीर्ट्ज़ के योगदान को उजागर कीजिए । (250 शब्द)

(c) निषेध (वर्जना) किस प्रकार सामाजिक नियंत्रण के साधन के रूप में कार्य करता है ? (250 शब्द)

(a) Discuss the impact of urbanization and feminist movement on family. (250 words) 20

(b) Bring out the contribution of Turner and Geertz in symbolic and interpretive theories in Anthropology. (250 words) 15

(c) How does taboo serve as a means of social control ? (250 words) 15

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) नृविज्ञानीय अध्ययनों में प्राइमेटोलॉजी की भूमिका

(b) शिशु वृद्धि एवं विकास में भेद

(c) जरण (वयोवृद्धि) एवं जीर्णता

(d) मानव आनुवंशिकी में युग्म पद्धति

(e) जनांकिकीय संक्रमण

Write notes on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) Role of primatology in Anthropological studies *10*

(b) Differentiation between Child Growth and Development *10*

(c) Ageing and Senescence *10*

(d) Twin method in human genetics *10*

(e) Demographic transition *10*

**Q6.** (a) पुरापाषाण संस्कृति की औज़ार तकनीकी पर बल देते हुए उस संस्कृति की एक विस्तृत रूपरेखा बनाइए । (250 शब्द)

(b) जनसंख्या में 'आनुवंशिक भार' से आप क्या समझते हैं ? इसे कैसे मापा जाता है तथा इसको प्रभावित कर सकने वाले महत्त्वपूर्ण कारक क्या हैं ? (250 शब्द)

(c) "हालाँकि मानव वृद्धि दृढ़ आनुवंशिक नियंत्रण के अधीन है फिर भी वह विभिन्न पर्यावरणीय कारकों द्वारा प्रभावित है ।" पुष्टि कीजिए । (250 शब्द)

(a) Give a broad outline of Paleolithic culture emphasizing upon its tool technology. (250 words) *20*

(b) What do you understand by 'Genetic Load' in a population ? How is it measured and what are the important factors that can influence it ? (250 words) *15*

(c) Justify "Though human growth is under tight genetic control but it is influenced by various environmental factors." (250 words) *15*

**Q7.** (a) आधार-सामग्री संग्रह की केस अध्ययन प्रणाली की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए । (250 शब्द)

(b) गर्मी एवं सर्दी के प्रति मुख्य मानव अनुकूलनों को सविस्तार स्पष्ट कीजिए । (250 शब्द)

(c) आनुवंशिक सूचक क्या हैं और उनकी उपयोगिता क्या है ? रक्त समूहों को अच्छा आनुवंशिक सूचक क्यों माना जाता है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । (250 शब्द)

(a) Discuss the relevance of Case Study method of data collection. (250 words) *20*

(b) Elaborate upon major human adaptations to heat and cold. (250 words) *15*

(c) What are genetic markers and what is their usefulness ? Why are blood groups considered as good genetic markers ? Illustrate with examples. (250 words) *15*

**Q8.** (a) नव-डार्विनवाद ने किस प्रकार आनुवंशिकी और विकास के क्षेत्रों को एकीकृत किया, विवेचना कीजिए । (250 शब्द)

(b) जानपदिक-रोगविज्ञानीय संक्रमण से क्या अभिप्राय है ? वर्तमान में हमारी वयस्क जनसंख्या की मुख्य स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए इसके कारणों एवं परिणामों को सविस्तार स्पष्ट कीजिए । (250 शब्द)

(c) प्रजाति और प्रजातिवाद में विभेदन कीजिए । संसार की तीन प्रमुख प्रजातियाँ कौन-सी हैं ? ऐसे वर्गीकरण के लिए अक्सर प्रयुक्त महत्त्वपूर्ण जैविक मापदण्ड बताइए । (250 शब्द)

(a) Discuss how Neo-Darwinism integrated the fields of Genetics and Evolution. (250 words) *20*

(b) What is meant by epidemiological transition ? Elaborate upon its causes and consequences highlighting major health problems of our adult population today. (250 words) *15*

(c) Differentiate between Race and Racism. What are three major races of the world ? Give important biological criteria used frequently for such a classification. (250 words) *15*